सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक14.04.2020

सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय रांची
विज्ञप्ति संख्या- ***240/2020***
14अप्रैल ***2020***
सूचना भवन, रांची।

=======================

राज्य में कोविड-***19*** के संक्रमण के फैलाव की रोकथाम के लिए किये जा रहे सभी प्रकार की कार्रवाई के अनुश्रवण हेतु मंत्रिमंडल उप-समिति का किया गया गठन

==========================

रांची- मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखंड सरकार द्वारा कोरोना वायरस से संक्रमण के फैलाव को रोकथाम हेतु की जा रही सभी प्रकार की कार्रवाई के अनुश्रवण हेतु मंत्रिमंडलीय उप-समिति का गठन किया गया है।

इस उप-समिति में माननीय मंत्री श्री रामेश्वर उरांव को राज्य के बाहर फसे झारखंड के मजदूरों तथा अन्य व्यक्तियों को लॉक लॉक डाउन के कारण आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु दूसरे राज्यों की सरकारों से समन्वय स्थापित करने तथा उन्हें राहत सामग्री की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करवाने के कार्य का दायित्व दिया गया है। माननीय मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता भोक्ता को राज्य के अंदर दूसरे राज्यों के फसे मजदूरों तथा अपने राज्य के मजदूरों को लॉक डाउन के कारण आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित करने तथा उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु समुचित व्यवस्था करवाने के कार्य का दायित्व दिया गया है। वहीं माननीय मंत्री श्री चम्पाई सोरेन को राज्य के अंदर लॉक डाउन के आदेश का क्रियानवयन तथा आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई चेन बनाए रखने के लिए समुचित कार्रवाई करने का दायित्व दिया गया है।

इसके अतिरिक्त माननीय मंत्री श्री बन्ना गुप्ता को इस उप-समिति के लिए समन्वय का दायित्व दिया गया है। इस उप-समिति को अपेक्षित सचिवालय से संबंधित कार्य की सहायता स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा प्रदान की जाएगी।

###
==================
#TeamPRDJharkhand